# ईद-उल-अजहा शुरू से आखरि तक (3 का भाग 3)

**रेटगि:**

**ववरिण:** ??????? ?? ??????? ????? ???: ?? ??-????? ?? ??-??-????? ?? ????? ??? ?? ?? ??? ????? ?? ?? ???? ??-??-???? ?? ???? ??? ????? ?? ????? ?? ???? ?? ???? ???? ?? ?????? ?? ??? ?? ?? ?????? ?? ??? ?? ?????

**श्रेणी:** पाठ › पूजा के कार्य › समारोह

**द्वारा:** Imam Mufti (© 2013 NewMuslims.com)

**प्रकाशति हुआ:** 08 Nov 2022

**अंतमि बार संशोधति:** 07 Nov 2022

उद्देश्य:

·ईद की नमाज पढ़ने के दो तरीके सीखना।

·ईद पर दी जाने वाली बधाई और उनका उचति जवाब जानना।

·'मुबारक ईद' के लिए सात महत्वपूर्ण सलाह जानना।

अरबी शब्द:

·*??????? ????* - अल्लाह सबसे महान है।

·*??* - त्योहार या उत्सव। मुसलमान दो प्रमुख धार्मकि अवकाश मनाते हैं, जन्हिें ईद-उल-फतिर (जो रमजान के बाद आता है) और ईद-उल-अज़हा (जो हज के समय होता है) कहा जाता है।

·*?? ??????* - ईद की बधाई जसिका अर्थ है 'धन्य ईद।'

·*?? ???* - ईद की बधाई जसिका अर्थ है 'आनंदमय ईद।'

·*??????* - क़ुरआन का शुरुआती अध्याय जो नमाज़ की हर रकात में पढ़ा जाता है।

·*????* - नमाज़ पढ़ाने वाला।

·*????* - नमाज़ की इकाई।

*·????'* - नमाज़ में झुकने की स्थिति।

*·???? ??-??* - ईद पर पढ़ी जाने वाली दो रकात नमाज़।

*·?????* - "अल्लाहु अकबर" का उच्चारण करना।

*·????????-?????* - 'अल्लाहु अकबर' कहना, जिससे नमाज़ शुरू होती है।

*·????????* - बलि का जानवर।

*·?????* - अनिवार्य।

# ईद की नमाज़ (सलात उल-ईद) का तरीका



ईद की नमाज़ अनिवार्य (वाजिब) है। इसमें दो रकात होते हैं , अतिरिक्त तकबीर ('अल्लाहु अकबर' कहते हुए) के साथ। ईद का दिन और ईद की नमाज़ के पीछे का ज्ञान अल्लाह को उसके अनगिनत आशीर्वादों के लिए धन्यवाद देना है। इमाम दो तरीकों में से एक तरीके से नमाज़ पढ़ाते हैं। वह नमाज़ की शुरुआत से पहले समझायेंगे कि नमाज़ कैसे पढ़ना है:

## विधि 1

ईद की नमाज़ की पहली रकात में, इमाम तकबीरतुल-एहराम और शुरुआती दुआ के बाद लेकिन सूरह फातिहा पढ़ने से पहले 3 अतिरिक्त तक्बीर बोलेंगे। प्रत्येक तकबीर के साथ अपने हाथ उठाएं , जैसा कि तकबीरतुल-एहराम के लिए करते हैं। प्रत्येक तकबीर के बाद हाथों को बगल में रखें। तीसरे और आखिरी तकबीर के बाद हाथ बांध लें। इसके बाद बाकी की रकात सामान्य ही रहती है।

ईद की नमाज की दूसरी रकात में इमाम सूरह फातिहा और क़ुरआन के कुछ हिस्से का पाठ करेंगे। फिर वह 3 और तकबीर कहेंगे। वे पहली रकात की तकबीरों की तरह ही होगी, सिवाय इसके कि आप तीसरे तकबीर के बाद अपने हाथों को अपने बगल मे रख लें। इन तीन तकबीरों के बाद, इमाम तकबीर कहेंगे और आपको बिना हाथ उठाए रुकु में जाना है।

## विधि 2

किसी भी नमाज़ की तरह, नमाज़ तक्बीरतुल-एहराम के साथ शुरू होती है और उसके बाद शुरुआती दुआ होती है। इसके बाद पहली रकात में 7 तकबीर और दूसरी रकात में 5 अतिरिक्त तकबीर होते हैं। बाकी की नमाज़ किसी भी अन्य नमाज़ की तरह ही पढ़ी जाती है।

## ईद-उल-अजहा पर बधाई का आदान -प्रदान

ईद के दिन देने वाली बधाई को न जानना एक असहज अनुभव हो सकता है। बधाई का आदान-प्रदान नहीं करना इस्लाम में पूरी तरह से स्वीकार्य है, लेकिन सामाजिक रूप से अजीब लगता है। इसलिए, बधाई क्या है और उसका उचित जवाब कैसे देना है, ये जानने से आपको समाज मे घुलने-मिलने में मदद मिलेगी।

भारत और पाकिस्तान के लोग "ईद मुबारक" (धन्य ईद) कहकर एक दूसरे को बधाई देते हैं।

अरब लोग "ईद सईद" (आनंदमय ईद) या ' कुल्लू' आम व अन्तुम बि-खैर'(आप हर साल स्वस्थ्य रहें) कहते हैं।

पैगंबर मुहम्मद के साथी कहते थे, 'तक़ाबलल्लाहु मिन्ना व मिनकुम' (अल्लाह इसे हमारी और आपकी तरफ से स्वीकार करे)।

ये सब उचित हैं। बस उसी अभिवादन को दोहराकर उत्तर दें! यदि आप मुस्कुराते हैं या अभिवादन को दोहराने में मदद मांगते हैं तो यह भी ठीक रहेगा।

## ईद-उल-अजहा के दिन के लिए सलाह

1. काम या स्कूल से ईद के दिन की छुट्टी लें। यदि आप ऐसा नहीं कर सकते हैं, तो कृपया कम से कम ईद की नमाज के लिए समय निकालें।

2. बलि के जानवर की समय से पहले व्यवस्था कर लें। आप स्थानीय मुसलमानों के साथ किसी खेत या बूचड़खाने में जा सकते हैं। यह एक ऐसा अनुभव होगा जिसे आप नहीं भूलेंगे! हो सकता है कि आप जानवर को खुद वध करना चाहें या आपके लिए कोई साथी मुसलमान ऐसा कर सकता है। आप अपनी ओर से इसे करने के लिए किसी इस्लामिक चैरिटी को पैसे भी भेज सकते हैं और वे गरीबों को मांस वितरित करेंगे। लाखों मुसलमानों के लिए साल में केवल यही एक मौका होता है जब उन्हें मांस खाने को मिलता है। आप "उधिय्याह 2013" के लिए ऑनलाइन खोज करके कई चैरिटी का पता लगा सकते हैं।

इस्लाम अपनाने के बाद कम से कम पहले कुछ वर्षों के लिए, मैं सलाह दूंगा कि आप अपनी मस्जिद या ऑनलाइन इस्लामी राहत संगठनों में से किसी एक के माध्यम से विदेशों में गरीब मुसलमानों को खाने के लिए पैसे भेजें। आप चाहें तो क़ुर्बानी का अनुभव लेने के लिए स्थानीय मुसलमानों से जुड़ सकते हैं। विदेशों में क़ुर्बानी करने की लागत उस देश के आधार पर अलग-अलग होगी जहां आप करना चाहते हैं। कुछ संगठन नीचे सूचीबद्ध हैं, आप ऑनलाइन कई और खोज सकते हैं:

http://www.irusa.org

http://icnarelief.org

www.zakat.org

3. ईद-उल-अजहा की नमाज का समय और स्थान पता करने के लिए ईद-उल-अजहा से एक सप्ताह पहले अपनी स्थानीय मस्जिद या इस्लामिक केंद्र में फोन करें। ईद की नमाज के बाद, आमतौर पर पारंपरिक मिठाइयां और खाना परोसा जाता है। अधिकांश मस्जिदों में या तो शाम को या अगले कुछ दिनों में ईद का भोज होता है। पता करें कि वे कब और कहां होगा और उनमें भाग लें।

4. अकेलापन या अलग-थलग महसूस न करें। ईद-उल-अजहा के दिन अपने मुस्लिम दोस्तों या परिवारों से मिलने के लिए समय निकालें। मुस्लिम दोस्तों को बुलाएं और उनके लिए खाना बनाएं। यदि आप खाना नहीं बना सकते हैं, तो उनके साथ बाहर खाने जाएं। अपने गैर-मुस्लिम परिवार के सदस्यों को अपने साथ ईद की नमाज़ में शामिल करने की कोशिश करें या उन्हें अपने मुस्लिम दोस्तों के साथ रात के खाने के लिए आमंत्रित करें। इसके लिए कुछ योजना बनानी होगी, इसे समय से पहले करें। आपके पास जश्न मनाने के लिए चार दिन हैं!

5. परिवार ईद पर बच्चों को उपहार देते हैं। पैगंबर मुहम्मद ने कहा: "एक दूसरे के साथ उपहारों का आदान-प्रदान करें, आप एक दूसरे से प्यार करेंगे" (बुखारी, अल-अदब अल-मुफ़रद)। आप अपने गैर-मुस्लिम और मुस्लिम परिवार के सदस्यों और दोस्तों को उपहार दे सकते हैं।

6. ईद के दिन अपनी स्थानीय मस्जिद में स्वयंसेवक बने। उन्हें पार्किंग, भोजन व्यवस्था, सफाई, बच्चों की गतिविधियों आदि के लिए स्वयंसेवकों की आवश्यकता होगी।

7. ईद के दिन के लिए अच्छे कपड़े पहने। नए कपड़े खरीदें और 'उत्सव' मनाएं!

https://www.newmuslims.com/hi/articles/209

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।